क्रम-संख्या–158

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस0एस0पी0/एल0-डब्लू/एन0पी0–91/2014–16

लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 12 सितम्बर, 2024

भाद्रपद 21, 1946 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

नगर विकास अनुभाग–9

———

संख्या 1620/नौ-9–2024-07ज-2024

लखनऊ, 12 सितम्बर, 2024

———

अधिसूचना

सा0प0नि0–25

उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2 सन् 1959) की धारा 550 के साथ पठित धारा 114 की उपधारा (9–क), धारा 540 उपधारा (1) और धारा 124 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल जिस नियमावली को बनाने का प्रस्ताव करती हैं, उसका निम्नलिखित प्रारूप उक्त अधिनियम की धारा 540 की उपधारा (2) और उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम (अधिनियम संख्या 1 सन् 1904) की धारा 23 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार समस्त सम्बन्धित की सूचना के लिये और उसके सम्बन्ध में आपत्तियाँ एवं सुझाव आमंत्रित करने की दृष्टि से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

आपत्तियाँ और सुझाव, यदि कोई हों, प्रमुख सचिव, नगर विकास अनुभाग–9, बापू भवन, लखनऊ को सम्बोधित करके लिखित रूप में या ई–मेल आई0डी0 nagarvikasanubhag9@gmail.com पर प्रेषित किये जायेंगे।

केवल उन्हीं आपत्तियों और सुझावों पर विचार किया जायेगा, जो इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से तीस दिनों के भीतर प्राप्त होंगे।

नियमावली का प्रारूप

उत्तर प्रदेश नगर निगम (पार्किंग स्थान का सन्निर्माण, अनुरक्षण और प्रचालन) नियमावली, 2024

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश नगर निगम (पार्किंग स्थान का सन्निर्माण, अनुरक्षण और प्रचालन) नियमावली, 2024 कही जायेगी।

(2) यह उत्तर प्रदेश में प्रत्येक नगर निगम पर लागू होगी।

(3) यह गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

परिभाषाएं

2–(1) जब तक विषय या सन्दर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में,–

(क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2 सन् 1959) से है;

(ख) ''कार बाजार'' का तात्पर्य, समनुषंगिक दुकानों सहित/रहित, प्रयुक्त कारों के क्रय–विक्रय हेतु किसी बाजार स्थल से है;

(ग) ''कार स्पा/सैलून'' का तात्पर्य, समनुषंगिक दुकानों सहित/रहित, ऐसे स्थान या प्रसुविधा से है जहां कारों की धुलाई की जाती है और उनकी मूल चमक पुनः वापस लाई जाती है;

(घ) ''समतुल्य कार स्थान'' जिसे आगे ''ई0सी0एस0'' कहा गया है, का तात्पर्य किसी कार के सन्दर्भ में किसी यान की पार्किंग के लिए अपेक्षित ऐकिक स्थान से है;

(ङ) ''शुल्क या प्रयोक्ता प्रभार'' का तात्पर्य, यान की पार्किंग हेतु प्रयोक्ता से संगृहीत प्रभार से है;

(च) ''परिनिर्धारित क्षति'' का तात्पर्य, एक निश्चित धनराशि या धनराशि की गणना के लिए नियत सूत्र से है, जो किसी पक्षकार द्वारा देय होगा यदि वह संविदा भंग करता है ताकि क्षतिग्रस्त पक्षकार को हुई हानि के लिए प्रतिकर दिया जा सके;

(छ) ''यांत्रिक पार्किंग'' का तात्पर्य किसी उत्थापक युक्ति के माध्यम से ऊर्ध्वाधर रूप से क्रमबद्ध बहुस्तरीय यान पार्किंग उपलब्ध कराने हेतु किसी यांत्रिक प्रणाली से है;

(ज) ''बहुस्तरीय पार्किंग'' का तात्पर्य किसी ऊर्ध्वाधर पार्किंग स्थान से है जिसमें यानों के पार्क के लिए बहुतल हों, जैसे–ढलान आधारित पार्किंग, यांत्रिक पार्किंग आदि;

(झ) ''मार्गेत्तर पार्किंग'' का तात्पर्य मार्ग को छोड़कर किसी भी स्थल पर यान को पार्क करने से है। मार्गेत्तर पार्किंग स्थान विभिन्न प्रकार के होते हैं–खुला/धरातल, अधोतल, बहुस्तरीय पार्किंग और/या इनका समुच्चय;

(ञ) ''मार्ग पर पार्किंग'' का तात्पर्य सार्वजनिक सड़क या मार्ग के किनारे यानों को पार्क करने से है;

(ट) ''खुली/धरातलीय पार्किंग'' का तात्पर्य ऐसे पार्किंग स्थलों से है जो किसी भवन से आच्छादित न हों और केवल भूतल पर ही उपलब्ध हों;

(ठ) ''प्रचालक'' का तात्पर्य पार्किंग स्थान के रख–रखाव, प्रबन्धन और शुल्क या प्रयोक्ता प्रभार की वसूली के लिये नियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति या किसी अभिकरण से है;

(ड) ''पार्किंग स्थान'' का तात्पर्य ऐसे प्राधिकृत और चिन्हांकित भूखण्ड या भवन या संरचना या स्थल से है, जहां यान पार्क किये जा सकते हैं, जिसमें बहुस्तरीय पार्किंग जैसे यांत्रिक पार्किंग इत्यादि सम्मिलित हैं;

(ढ) ''यान'' का तात्पर्य मार्ग पर उपयोग किये जाने में समर्थ किसी पहियेदार गाड़ी से है, और इसमें बाइसिकिल, तिपहिया या उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम, 1997 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 21 सन् 1997) में यथा परिभाषित मोटर यान सम्मिलित हैं;

(2) इस नियमावली में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम में उनके लिए क्रमशः समनुदेशित हों।

प्रतिषेध

3–(1) कोई भी व्यक्ति, नगर आयुक्त द्वारा चिन्हित और प्राधिकृत पार्किंग स्थलों के अतिरिक्त, किसी भी सड़क, सड़क पटरी, फुटपाथ अथवा सार्वजनिक स्थल पर यान पार्क नहीं करेगा और न करवायेगा। व्यक्तिगत स्थल के मामले में नगर निगम के पक्ष में लाइसेंस शुल्क के संदाय के साथ वाणिज्यिक पार्किंग की अनुमति दी जा सकेगी।

(2) पार्किंग स्थल पर यान चलाने वाले या पार्किंग करने वाले किसी व्यक्ति को पार्किंग स्थल पर प्रदर्शित चिन्हों और अनुदेशों का पालन करना होगा और उसमें उल्लिखित निबंधनों और शर्तों का अनुसरण करना होगा।

पार्किंग प्रबन्धन समिति का गठन और संरचना

4–प्रत्येक नगर निगम में नगर आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति, जिसे पार्किंग प्रबन्धन समिति के नाम से जाना जायेगा, गठित की जायेगी, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे :–

(एक)	सचिव, विकास प्राधिकरण (यदि कोई हो)	सदस्य
(दो)	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपायुक्त	सदस्य
(तीन)	एक अधिकारी जो यातायात पुलिस अधीक्षक या पुलिस आयुक्त या अपर पुलिस आयुक्त (यातायात) से अनिम्न रैंक का हो	सदस्य
(चार)	संबंधित नगर निगम का अपर जिला मजिस्ट्रेट	सदस्य
(पाँच)	संबंधित नगर निगम के लोक निर्माण विभाग का ज्येष्ठतम अधिकारी	सदस्य
(छः)	संबंधित नगर निगम के उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन का ज्येष्ठतम अधिकारी	सदस्य
(सात)	संबंधित नगर निगम के परिवहन विभाग का ज्येष्ठतम अधिकारी	सदस्य
(आठ)	नगर और ग्राम नियोजन विभाग का सहायक नगर नियोजक से अनिम्न रैंक का कोई अधिकारी, यदि कोई हो, नगर नियोजन शाखा/विकास प्राधिकरण विभाग का कोई अधिकारी, जो नगर नियोजक से अनिम्न रैंक का हो (उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण द्वारा नाम निर्दिष्ट)	सदस्य
(नौ)	नगर निगम का लेखाधिकारी	सदस्य
(दस)	सम्बन्धित नगर निगम के समस्त जोनल अधिकारी	सदस्य
(ग्यारह)	नगर आयुक्त, मुख्य अभियन्ता से भिन्न किसी अधिकारी को, जो सहायक अभियन्ता (सिविल/यातायात/पर्यावरण) से अनिम्न रैंक का हो, चुन सकता है	सदस्य सचिव
(बारह)	परिवहन क्षेत्र में प्रतिष्ठित संगठन/संस्था से एक विशेषज्ञ	सदस्य

समिति के कृत्य

5–पार्किंग प्रबन्धन समिति के कृत्य होंगे :–

(एक) ई0सी0एस0 की संख्या सहित नगर में समस्त सार्वजनिक और/या निजी मार्ग पर पार्किंग या मार्गेत्तर पार्किंग स्थान का सर्वेक्षण, पहचान और अन्तिम रूप देना जो वे परिक्षेत्रवार प्रदान कर सकते हैं। यहां सर्वाधिक सम्भव ई0सी0एस0 की गणना, स्थानीय भवन उपविधि, परिचालन और सेवा क्षेत्र सहित, के अनुसार की जायेगी।

(दो) पार्किंग स्थान के आवंटन और निस्तारण की प्रक्रिया की देखभाल और अनुश्रवण करना।

(तीन) पार्किंग स्थान संबंधित मामलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना।

(चार) पार्किंग स्थान के प्रबन्धन का पर्यवेक्षण और निरीक्षण करना और समय–समय पर नगर निगम को सुधार के लिए सुझाव देना।

(पाँच) मामले के संबंध में जैसा वह उचित समझे, लोकहित में अन्य कृत्यों को निष्पादित करना।

(छः) पार्किंग स्थान और उनकी दक्षता और सुविधाओं में वृद्धि के मामले में ऐसा परामर्श देना जैसा कि राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अपेक्षा किया जाय या नगर निगम द्वारा अनुरोध किया जाय।

(सात) प्रकरण के संबंध में सुविधाओं के विकास, प्रबन्धन, अनुरक्षण और परिवृद्धि सहित यानों की पार्किंग और पार्किंग स्थान क्षेत्र में ऐसे अन्य कृत्यों का निष्पादन करना।

(आठ) समिति अपने कृत्यों के सम्यक निष्पादन के लिए छः मास में कम से कम एक बार बैठक करेगी।

पार्किंग स्थलों की व्यवस्था

6–नगरों में विभिन्न स्थलों पर यथा अपेक्षित पार्किंग स्थलों की व्यवस्था नगर निगम द्वारा निम्नलिखित रीति से की जा सकेगी :–

(क) विद्यमान पार्किंग स्थलों की क्षमता विकास एवं समुचित अनुरक्षण सुनिश्चित किया जायेगा।

(ख) बहुस्तरीय पार्किंग स्थान का निर्माण, उनकी संख्या में वृद्धि और यथा अपेक्षित तलों की संख्या बढ़ाई जायेगी।

(ग) यांत्रिक पार्किंग व्यवस्था की वरीयता के साथ बहुस्तरीय पार्किंग व्यवस्था विशेषतः नगर के सघन और पुराने क्षेत्रों में प्रोत्साहित की जायेगी।

(घ) पार्किंग स्थल पर पार्किंग जगह के ई0सी0एस0 के न्यूनतम 20 प्रतिशत का उपबंध विद्युत यान की चार्जिंग के लिए सुनिश्चित किया जायेगा।

(ङ) विशेष परिस्थितियों में पार्किंग प्रबन्धन समिति द्वारा नगर आयुक्त के अनुमोदन के पश्चात् परिलक्षित और सिफारिश की गयी न्यूनतम बारह मीटर या अधिक चौड़ी सड़कों और गलियों पर पंक्तिबद्ध पार्किंग की अनुमति दी जा सकेगी।

(च) मार्गेत्तर पार्किंग में पार्किंग जगह के प्रवेश द्वार के साथ की पहली कुछ पार्किंग में निःशक्तजनों के लिए आरक्षण उपबंधित किया जायेगा।

(छ) पार्कों के नीचे पार्किंग स्थल का निर्माण इस प्रकार किया जाये कि पार्कों में भूतल पर लगभग 90 प्रतिशत भाग में हरित क्षेत्र हो और उसका विकास और अनुरक्षण विद्यमान भवन उपविधियों के अनुसार सुनिश्चित हो।

(ज) पार्किंग स्थलों के लिए वैकल्पिक स्पाटों यथासम्भव फ्लाई ओवर के नीचे, हरित पट्टिका के साथ, बाजारों और मेलों के लिए स्थल, खुले सार्वजनिक जगहों और ऐसे ही अन्य स्थलों पर जब उनका उपयोग उक्त कार्यों में न हो रहा हो नियत अवधि में पार्किंग व्यवस्था की जा सकेगी।

(झ) व्यावसायिक और मिश्रित भू–प्रयोग के संबंध में पार्किंग मानकों का पुनर्विलोकन और समुचित गलियों में प्राधिकृत पार्किंग का उपबंध करने पर विचार किया जा सकेगा।

(ञ) समस्त सार्वजनिक, व्यावसायिक और संस्थागत भवनों में यथोचित पार्किंग स्थानों को सुनिश्चित किया जायेगा।

(ट) सार्वजनिक सड़क या सार्वजनिक स्थलों पर रात 11 बजे से प्रातः 6 बजे तक खड़े किये गये यानों के लिए शास्ति सहित पार्किंग शुल्क या प्रयोक्ता प्रभार वसूल किये जा सकेंगे। यान स्वामी द्वारा रात्रिकालीन पार्किंग के लिए सार्वजनिक जगह के उपयोग के निमित्त नगर निगम से परमिट प्राप्त करना होगा। नगर आयुक्त रात्रिकालीन पार्किंग परमिट जारी करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल उपलब्ध करायेगा, जो यान स्वामी से रात्रिकालीन पार्किंग शुल्क और/या शास्ति प्रभारित करने से पूर्व अनिवार्य होगा। सार्वजनिक सड़क और स्थलों पर चार पहिया यानों की रात्रिकालीन पार्किंग परमिट जारी करने हेतु न्यूनतम प्रभार दर निम्नवत् होगा :–

नगर निगमों के भीतर सार्वजनिक सड़कों और स्थलों पर रात्रिकालीन पार्किंग प्रभारः–

प्रति रात्रि (रूपये में)	साप्ताहिक (रूपये में)	मासिक (रूपये में)	वार्षिक (रूपये में)
100	300	1,000	10,000

रात्रिकालीन पार्किंग का परमिट न प्राप्त करने के मामले में शास्ति परमिट शुल्क का 3 गुना होगा।

(ठ) नगर निगम जहां भी वह लोकहित में उचित समझे, खुली बोली के माध्यम से अधिनियम की धारा 137–क के उपबन्धों के अनुसार पार्किंग स्थान को विकसित करने के लिए सार्वजनिक निजी सहभागिता माध्यम के अधीन निजी क्षेत्र से सहभागिता कर सकता है।

(ड) जब कभी विकास प्राधिकरण, विकासकर्ताओं या किसी प्रकार की संस्था द्वारा नगरीय क्षेत्र में कोई विकास योजना बनायी जाये अथवा अभिन्यास तैयार या स्वीकृत किये जाये अथवा इसी प्रकार के कोई कार्य किये जायें तो यथोचित पार्किंग की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। वैधानिक कार पार्किंग के उपबंधों को भवन उपनियम में सम्मिलित किया जाना चाहिये।

(ढ) लोक परिवहन की मुख्य बुनियादी बातों पर ''पार्क एण्ड राइड'' की सुविधाओं को प्रोत्साहित किया जायेगा।

(ण) नगर निगम द्वारा निर्मित और प्रचालित पार्किंग व्यवस्थाओं पर दबाव कम करने के लिए पार्किंग व्यवस्था के निजीकरण पर भी विचार किया जायेगा तथा उसे विनियमित किया जायेगा।

(त) सामूहिक परिवहन और मेट्रो आदि की सुविधायें उपलब्ध कराकर और निजी यानों के उपयोग को हतोत्साहित कर पार्किंग की मांग में कमी लाई जा सकेगी।

(थ) सार्वजनिक पार्किंग के लिए नगर निगम से अनुमति प्राप्त कर रेलवे स्टेशनों, बस टर्मिनल्स स्टैण्ड्स, कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, छात्रावासों, कारखानों, अस्पतालों, व्यावसायिक भवनों और नगर के अन्य अनावासीय भवनों और स्थानों के समीप अन्य सार्वजनिक और निजी स्थापन द्वारा व्यावसायिक उपयोग के लिए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी।

(द) क्लोज सर्किट टेलीविजन, निगरानी कैमरे, डिजिटल साइनेज, बूम बैरियर, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग प्वाइंट, हैण्ड हेल्ड युक्ति, फास्टैग और अन्य भुगतान गेटवे के साथ एकीकरण, स्वचालित टिकट डिस्पेंसर, मोबाइल एप्लीकेशन, एनालिटिक्स के साथ पार्किंग सेंसर/कैमरा, एकीकृत नियंत्रण और कमान केन्द्र (आई0सी0सी0सी0)/इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आई0टी0एम0एस0)/सूचना प्रौद्योगिकी (आई0टी0) नियंत्रण के साथ एकीकरण के उपबंधों के साथ पार्किंग कार्ड युक्त स्मार्ट पार्किंग सिस्टम, नये पार्किंग स्थान और विद्यमान पार्किंग स्थान, जो प्रचालन और प्रबन्ध के लिए निविदागत हैं, के लिए अनिवार्य होगा। यह पार्किंग स्थान का संचालन और अनुरक्षण का देखभाल करने वाले अभिकरण द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। शहर/जोन की पार्किंग के लिए तैयार की गयी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी0पी0आर0)/प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आर0एफ0पी0) हित की अभिव्यक्ति (ई0ओ0आई0) में इन उपबंधों को रखा जायेगा।

(ध) नगर आयुक्त फास्टैग के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान के प्रोत्साहन के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एन0पी0सी0आई0) के साथ करार का ज्ञापन (एम0ओ0यू0) कर सकेगा।

(न) विद्यमान भवन उपविधि के अनुसार केवल उपलब्ध बहुस्तरीय कार पार्किंग क्षेत्र में कार स्पा/सैलून या कार बाजार अपेक्षित अवसंरचना के साथ आ सकता है। इन्हें खुली/भूतल पार्किंग स्थान में अनुमति नहीं दी जायेगी ।

(प) सार्वजनिक पार्किंग के लिए वाणिज्यिक उद्देश्य से अपनी भूमि/परिसर उपलब्ध कराने के लिए निजी भूमि/परिसर स्वामी से लाइसेंस शुल्क लिया जायेगा। लाइसेंस शुल्क के लिए मानदण्डी–दर समय–समय पर पार्किंग प्रबन्धन समिति द्वारा विनिश्चित किये जायेंगे।

(फ) जब तक कि राज्य सरकार की पूर्व अनुमति से नगर आयुक्त द्वारा विनिर्दिष्ट रूप से कोई छूट नहीं दी जाती, औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्षेत्रों, आवास विकास परिषद क्षेत्रों आदि में और नगरीय क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग (पी0डब्लू0डी0) और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन0एच0ए0आई0) की सड़कों पर पार्किंग इस नियमावली द्वारा शासित होगी। वाणिज्यिक प्रयोजन से सार्वजनिक पार्किंग के लिए अपनी भूमि परिसर उपलब्ध कराने के लिए इन विभागों/संगठनों से अनुमति शुल्क प्रभारित किया जायेगा।

(ब) पार्किंग साइट के भीतर प्रसाधन, पेयजलापूर्ति आदि के रूप में नगरीय सुविधायें उपलब्ध करायी जायेंगी।

सीमा का सीमांकन

7–(1) पार्किंग प्रबन्ध समिति, नगर पालिका की सीमा के भीतर समस्त सार्वजनिक और निजी सड़क पर और सड़क के बाहर पार्किंग स्थान का सर्वेक्षण करेगी, उनकी पहचान करेगी और उन्हें अन्तिम रूप देगी तथा सर्वेक्षण की अपेक्षानुसार दो पहिया वाहनों के लिए आरक्षित जगह के कतिपय हिस्से के साथ वे उपलब्ध करा सकने वाले ई0सी0एस0 की संख्या भी तय करेगी।

(2) प्रत्येक पार्किंग स्थान की सीमा का सीमांकन किया जायेगा और सीमा चिन्ह उपदर्शित किया जायेगा।

(3) उपनियम (2) में अनुबद्ध सीमा के बाहर पार्किंग करने पर पार्क प्रबन्ध समिति द्वारा दी गयी सिफारिश के अध्यधीन जुर्माना लगाया जायेगा।

(4) अन्तिम रूप से चयनित पार्किंग स्थानों की सूची, नगर निगम की वेबसाइट/पोर्टल पर उसके विवरण जैसे अक्षांश–देशांतर मान, उपलब्ध ई0सी0एस0 की संख्या आदि के साथ प्रकाशित की जायेगी।

(5) पार्किंग प्रबन्ध समिति के लिए इस नियमावली के गजट में प्रकाशित किये जाने के 90 दिवस के भीतर अंतिम रूप से चयनित किये गये पार्किंग स्थलों की मास्टर सूची प्रकाशित करना अनिवार्य है। यदि अपेक्षित हो तो वह बाद में सूची को संशोधित कर सकेगी।

पार्किंग स्थानों का प्रचालन एवं अनुरक्षण

8–(1) नगर निगम द्वारा विकसित पार्किंग स्थानों का समुचित अनुरक्षण नगर आयुक्त अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा किया जायेगा।

(2) पार्किंग स्थानों का अनुरक्षण, प्रचालन, प्रबन्धन, विनियमन और उसके लिए प्रयोक्ता प्रभार की निम्नलिखित एक या उससे अधिक रीति से वसूली कराने हेतु नगर आयुक्त को अधिकार होगा :–

(एक) सार्वजनिक क्षेत्र की सहभागिता करार द्वारा,

(दो) सार्वजनिक नीलामी द्वारा,

(तीन) निविदा आमंत्रित करने के द्वारा,

(चार) स्थानीय निकाय के निजी स्रोतों द्वारा (आपात स्थिति में मात्र 6 मास से अनधिक अवधि के लिए)।

(3) उपनियम (2) में उल्लिखित किसी भी रीति के लिए निबन्धन और शर्तों का अवधारण नगर निगम द्वारा विनिर्दिष्ट किया जायेगा और इस नियमावली में संलग्न प्रपत्र–1 में आवेदन प्राप्त किये जायेंगे।

(4) अन्य विवरण निबन्धन और शर्तों, प्रतिबन्धों, सूचनाओं, प्रतिभूतियों, प्रक्रियाओं एवं अन्य अपेक्षित निदेशों का अवधारण नगर निगम द्वारा किया जा सकेगा।

(5) राज्य सरकार के अनुमोदन के बिना किसी सार्वजनिक निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) क्रियाकलाप सहित किसी विज्ञापन और क्रियाकलाप की अनुमति पार्किंग स्थानों की सीमा में नहीं दी जायेगी।

दरों का अवधारण

9–(1) यानों की पार्किंग के लिए प्रभार की दरें पार्किंग प्रबन्ध समिति की सिफारिश पर नगर निगम द्वारा अवधारित की जायेगी। जब तक नगर निगम दरें अनुमोदित नहीं करता, नगर आयुक्त पार्किंग प्रबन्ध समिति द्वारा सिफारिश की गयी दरों को कार्यान्वित करेगा।

(2) नगर के विभिन्न क्षेत्रों का वर्गीकरण करने के पश्चात, पृथक श्रेणी में पार्किंग के प्रभार की श्रेणीवार पृथक दरें, पीक आवर, नॉन पीक आवर, वीकडेज, वीकेन्ड, क्षेत्र की सघनता और वाणिज्यिक क्रियाकलाप आदि को दृष्टिगत रखते हुए पार्किंग प्रबन्ध समिति द्वारा सिफारिश की जा सकेगी।

(3) पार्किंग स्थानों पर पार्किंग प्रभार की दरें निम्नलिखित दरों से कम नहीं होंगी –

पार्किंग स्थानों के लिए न्यूनतम पार्किंग प्रभार										
नगर निगम	दो घण्टे के लिए (रूपये में)		क्रमवार एक घण्टे के लिए (रूपये में)		रात्रि पार्किंग (रात्रि 11 बजे से प्रातः 6 बजे तक) (रूपये में)		24 घण्टे (रूपये में)		मासिक पास (रूपये में)	
	2 पहिया	4 पहिया	2 पहिया	4 पहिया	2 पहिया	4 पहिया	2 पहिया	4 पहिया	2 पहिया	4 पहिया
10 लाख और उससे अधिक जनसंख्या वाले	15	30	7	15	50	100	57	120	855	1800
10 लाख से कम जनसंख्या वाले	10	20	5	10	30	60	40	80	600	1200

(4) पार्किंग प्रभार की दरें प्रारूप–2 में किसी सहजदृश्य स्थान पर न्यूनतम 1 मीटर X-0.75 मीटर का बोर्ड लगाकर प्रदर्शित की जायेगी।

(5) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि पार्किंग शुल्क दर बोर्ड को किसी कागज, रंग या अन्य प्रकार से विरूपित न किया जाये।

(6) यान पार्किंग के लिए प्रभार की दरें जैसा कि नियम 9 के उपनियम (3) में दी हैं, प्रत्येक 5 वर्ष में राज्य सरकार द्वारा पुनरीक्षित की जायेंगी।

पार्किंग स्थानों के लिए लाइसेंस

10–(1) नियम–8 के उपनियम (2) के अधीन पारदर्शी रीति से प्रचालकों को विभिन्न विधाओं में पार्किंग स्थानों की लाइसेंस की स्वीकृति संबंधी सिफारिशें देने के लिए नगर आयुक्त द्वारा इस निमित्त सम्यक रूप से प्राधिकृत अपर नगर आयुक्त की पंक्ति से अनिम्न रैंक एक अधिकारी की अध्यक्षता में ऐसी संख्या में सदस्यों सहित जिसे वह उचित समझे, एक नीलामी/निविदा समिति का गठन किया जायेगा।

(2) प्रत्येक निगम में अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में निम्नलिखित से सम्मिलित एक निविदा समिति का गठन किया जायेगा–

क्र0 सं0	अधिकारी	पदनाम
1	अपर नगर आयुक्त	अध्यक्ष
2	निगम का मुख्य अभियन्ता	सदस्य
3	सहायक नगर आयुक्त से अनिम्न रैंक पंक्ति का एक अधिकारी, जो पार्किंग प्रभारी हो	सदस्य सचिव
4	नगर निगम के वित्त विभाग का एक अधिकारी	सदस्य

(क) नगर आयुक्त के पूर्वानुमोदन से अध्यक्ष द्वारा एक बाह्य सदस्य यदि अपेक्षित हो, का नाम निर्दिष्ट किया जायेगा।

(ख) नीलामी/निविदा समिति पार्किंग के लिए (क) सार्वजनिक और या नगर निगम की भूमि/परिसर पर और (ख) निजी भूमि/परिसर पर कार्य करेगी।

(ग) आवेदकों की तकनीकी पात्रता और वित्तीय पात्रता दोनों सुनिश्चित करने के लिए निविदा समिति पूर्व–अर्हता मानदंड तय करेगी।

(3) नीलामी/निविदा की निबंधन और शर्तें समिति द्वारा तैयार की जायेंगी और नगर आयुक्त द्वारा अनुमोदित की जायेंगी। निविदा या तो सम्पूर्ण नगर के लिए या कम से कम एक जोन के लिए जारी की जा सकेगी। जोनवार जारी की गयी निविदाओं के मामले में पार्किंग जोन की कुल संख्या नगर निगम के कुल जोनों की संख्या से अधिक नहीं होनी चाहिए।

यह सार्वजनिक निजी भागीदारी (पी0पी0पी0) के आधार पर किया जा सकता है, जहां भूमि नगर निगम द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी और समस्त भौतिक अवसंरचना, साफ्टवेयर और लोक सेवाओं सहित प्रचालन और अनुरक्षण चयनित प्रचालक द्वारा किया जाएगा।

(4) ई0सी0एस0 और दरों के आधार पर नीलामी/निविदा समिति, बोली के न्यूनतम आरक्षित कीमत को नियत करेगी। आरक्षित कीमत को नियत करने हेतु नगर आयुक्त स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया कैप्स आदि जैसी विनिधान अभिकरणों की राय ले सकता है।

(5) राजस्व हिस्सेदारी के आधार पर सफल बोलीकर्ता को उस पार्किंग स्थान की लाइसेंस देने पर विचार करने हेतु समिति द्वारा नगर आयुक्त को सिफारिश की जायेगी। सफल बोलीकर्ता द्वारा (क) आरक्षित कीमत अथवा (ख) राजस्व हिस्सेदारी में से जो अधिकतम होगा को संदत्त करना होगा।

उदाहरण–एक नगर निगम द्वारा शहर के भीतर राजस्व हिस्सेदारी के आधार पर पार्किंग स्थान की निविदा के लिए आरक्षित कीमत के रूप में 10 करोड़ रूपये नियत किया गया। सफल बोलीकर्ता ने निगम को 45 प्रतिशत का राजस्व हिस्सा उद्धत किया है, जो गणना करने पर 11 करोड़ बनता है। इसलिए इस मामले में उसे 10 करोड़ रूपये के आरक्षित कीमत के बजाय निगम को 11 करोड़ रूपये का संदाय करना होगा।

(6) चयनित प्रचालक के साथ प्रचलित नियम और विधि के उपबंधों के अनुसार न्यूनतम 5 वर्ष का समुचित करार निष्पादित किया जायेगा। यदि नगर आयुक्त राज्य सरकार के आदेश पर पार्किंग दरें बढ़ाते हैं, तो लाइसेंस शुल्क आनुपातिक रूप से बढ़ जायेगी। पारस्परिक सहमति से 5 अतिरिक्त वर्षों तक सम्पूर्ण विस्तारित अवधि के लिए अन्तिम संदाय पर 25 प्रतिशत की वृद्धि के उपबंध के साथ इसे बढ़ाया जा सकेगा।

(7) नगर आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा अवधारित निबन्धनों और शर्तों के अधीन नगर निगम सीमा में सार्वजनिक पार्किंग के प्रबन्ध संचालन एवं अनुरक्षण और पार्किंग प्रभार की वसूली हेतु लाइसेंस उपनियम (1) के अधीन गठित नीलामी/निविदा समिति की सिफारिश पर दी जा सकेगी।

(8) प्रदान किया गया लाइसेंस अन्तरणीय नहीं होगा और न ही उपकिरायेदारी की जा सकेगी।

(9) ऐसी अवधि जिसके लिए लाइसेंस दिया गया था, की समाप्ति के पश्चात लाइसेंसधारी वहां पर किसी भी प्रकार की पार्किंग का प्रचालन नहीं करेगा।

(10) यान पंक्तिबद्ध खड़े किये जायेंगे ताकि अन्य यानों को पार्किंग स्थल से बाहर निकालने में असुविधा न हो।

(11) समुचित अनुरक्षण और प्रबन्ध लाइसेंसधारी द्वारा किया जायेगा।

(12) पार्किंग स्थिल के भीतर परिसर की सफाई और स्वास्थ्य संबंधी परिस्थितियों का ध्यान रखने का उत्तरदायित्व लाइसेंसधारी का होगा।

(13) पार्किंग स्थल पर हुई किसी प्रकार की टूट–फूट या क्षति का प्रतिकर प्रचालक द्वारा किया जायेगा।

(14) नगर आयुक्त के पास पार्किंग जगह को पार्किंग या अन्य किसी उपयोग के लिए एक वर्ष में कम से कम 5 पृथक या निरन्तर दिनों के लिए मुक्त रखने का अधिकार होगा।

(15) नगर आयुक्त के पास जिला आपदा प्रबन्धन अभिकरण के निदेश/अनुमोदन से आकस्मिक परिस्थितियों जैसे अप्रत्याशित घटना के मामले में पार्किंग जगह को पार्किंग से मुक्त रखने का अधिकार होगा।

(16) लोकहित में नगर आयुक्त को लाइसेंस निलम्बित अथवा रद्द करने का अधिकार होगा।

(17) इस नियमावली के प्रवृत्त होने से पूर्व विद्यमान कोई संविदा इसकी उल्लिखित शर्तों के अनुसार उसकी समाप्ति तक जारी रहेगी। समाप्त संविदा का विस्तारण नहीं किया जायेगा। पुरानी संविदा की समाप्ति के पश्चात आने वाली नयी संविदा इस नियमावली के अनुसार होगी।

(18) संविदा अवधि के दौरान सृजित परिसम्पत्तियां नगर निगम की सम्पत्ति समझी जायेगी। संविदा की समाप्ति पर प्रचालन पार्किंग सुविधा हेतु सृजित समस्त परिसम्पत्तियां नगर निगम को निर्मूल्य और कार्यशील स्थिति में हस्तगत करेगा।

पार्किंग स्थल हटाने की शक्ति

11—यदि कोई व्यक्ति, संस्था, अभिकरण, भागीदार या प्रचालक इस नियमावली के उपबंधों का उल्लघंन कर पार्किंग कृत्य प्रचालित करता है तो नगर आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अधिकारी पार्किंग का कार्य बन्द करा सकता है अथवा अन्य कोई कार्यवाही, जिसे वह उचित समझे, कर सकता है।

पार्किंग हेतु प्रतिषिद्ध/अनन्य क्षेत्र की घोषणा

12—(1) नगर आयुक्त या राज्य सरकार किसी क्षेत्र या वार्ड या सड़क को पार्किंग स्थानों के निर्माण, विकास अथवा प्रचालन के लिए प्रतिषिद्ध 'नो पार्किंग जोन' के रूप में घोषित कर सकेगी।

(2) नगर आयुक्त या राज्य सरकार नगर सीमा के भीतर किसी क्षेत्र या वार्ड या सड़क को निर्माण, विकास या विक्रय परिक्षेत्र के प्रचालन के लिए प्रतिषिद्ध घोषित कर सकता है ताकि वहां सार्वजनिक पार्किंग विकसित की जा सके।

अनधिकृत पार्किंग के विरुद्ध कार्यवाही

13—(1) अनधिकृत पार्किंग स्थलों और पार्किंग रहित परिक्षेत्रों/सड़कों पर अनधिकृत और त्रुटिपूर्ण पार्किंग के विरुद्ध नगर आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा यान उठाने के प्रभार के साथ कार्यवाही अधिरोपित की जायेगी। पार्किंग रहित परिक्षेत्र/सड़कें जहां शास्ति शुल्क (चालान) और अनुकर्षण प्रभार लिया जाता है, को नगर निगम और यातायात पुलिस विभाग के मध्य चर्चा के पश्चात सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) नगर आयुक्त द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी या अभिकरण लाइसेंसधारी या प्रचालक अनधिकृत पार्किंग स्थलों और पार्किंग रहित परिक्षेत्रों/सड़कों से यान उठा या अनुकर्षित कर सकता है और नगर आयुक्त द्वारा समय—समय पर हटाने/उठाने के नियत प्रभार को वसूल सकता है।

(3) उपनियम (1) के अधीन यान उठाने का प्रभार नगर आयुक्त द्वारा नियत किया जायेगा, जो निगम और प्रचालक के मध्य उसके द्वारा विनिश्चित अनुपात में बांटा जायेगा। अनुकर्षण कार्य अधिमानतः पार्किंग निविदा का अंश होगा।

(4) अनुकर्षित यान नगर निगम द्वारा अभिहित पाटन (क्षेपण) साइट पर रखा जायेगा। स्वामी के मोबाइल नम्बर/पार्किंग ऐप पर उसके यान को खींचे जाने की तस्वीर/वीडियो और पाटन साइट के अवस्थान के साथ एक संदेश भेजा जायेगा। पाटन साइट पर प्रवेश की अनुज्ञा केवल नगर निगम के कर्मचारी और उल्लंघनकर्ताओं को दी जायेगी। यानों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए साइट का प्रवेश और निकास क्लोज सर्किट टेलीविजन (सी0सी0टी0वी0) युक्त रहेगा।

अपराधों की शास्ति और शमन

14—(1) इस नियमावली के उपबन्धों का किसी प्रकार का उल्लंघन, ऐसे जुर्माने से जो उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 के उपबंधों के अनुसार पांच हजार रूपये तक हो सकता है, दण्डनीय होगा।

(2) उपनियम (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी इस नियमावली के अधीन दण्डनीय किसी अपराध को नगर आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा प्रशमित किया जायेगा।

(3) अनधिकृत पार्किंग के लिए यान स्वामी से यातायात मानकों/विनियमों के अनुसार शास्ति शुल्क सहित अनुकर्षण प्रभार प्रभारित किया जायेगा। प्रभारित अनुकर्षण शुल्क स्थानीय निकाय और प्रचालक में निम्न लिखित अनुपात में बांटा जायेगा :–

नगर निगम	अनुकर्षण शुल्क का बॉटना	
	प्रचालक	स्थानीय निकाय
10 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले	20 प्रतिशत	80 प्रतिशत
10 लाख से कम जनसंख्या वाले	30 प्रतिशत	70 प्रतिशत

(4) संविदा मूल्य् का न्यूनतम आधा प्रतिशत (0.5 प्रतिशत) की दर से प्रति सप्ताह प्रति अवस्थिति देरी, जो कि संविदा मूल्य का अधिकतम 10 प्रतिशत होगा, के अनुसार परिनिर्धारित नुक्शानी प्रचालक से उद्गृहीत की जा सकेगी, यदि पार्किंग स्थान में संविदा निष्पादन के दो माह के भीतर स्मार्ट समाधान विकसित और प्रारम्भ नहीं किया गया।

(5) संविदा मूल्य का दसवां प्रतिशत (0.1 प्रतिशत) की दर से प्रति सप्ताह प्रति अवस्थिति देरी, जो कि संविदा मूल्य का अधिकतम 10 प्रतिशत वार्षिक होगा, के अनुसार परिनिर्धारित नुक्शानी प्रचालक से उद्गृहीत की जायेगी। यदि पार्किंग स्थल पर खड़े किये गये वाहनों की संख्या टिकट किये गये वाहनों से अधिक हैं।

(6) शास्ति उपबंध प्रचालक चयन के लिए प्रकाशित प्रस्ताव/निविदा अभिलेख में उपलब्ध कराये जायेंगे।

विविध

15–(1) अपरिहार्य घटना की स्थिति में जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (डी0डी0एम0ए0) को आपदा प्रबन्धन अधिनियम, 2005 (अधिनियम संख्या 53 सन् 2005) के उपबंधों के अनुसार शक्तियां होंगी।

(2) लाइसेंस करार के किसी भी निबंधन और शर्तों को पूर्ण करने या पालन करने के लिए किसी भी पक्षकार द्वारा कोई विफलता या लोप प्रश्नगत पक्षकार के विरुद्ध किसी भी दावे को उत्पन्न नहीं होने देगी या इस करार का भंग होना नहीं माना जायेगा, यदि ऐसी विफलता या लोप किसी भी ऐसे कारण से उत्पन्न होती है जो उस पक्षकार के युक्तियुक्त नियंत्रण से परे है और जिसमें असीमित युद्ध, युद्ध जैसा प्रचालन, विप्लव, दंगा, आग, विस्फोट, दुर्घटना, शासकीय कृत्य, सामग्री नियंत्रण विनियम या आदेश, दैवकृत, लोक शत्रु के कृत्य, महामारी और संगरोध प्रतिबन्धक आदि सम्मिलित हों, परन्तु यह कि गैर–निष्पादित पक्षकार ने दूसरे पक्षकार को उन दायित्वों, जो वह प्रदर्शन करने में सक्षम नहीं होगा, की त्वरित लिखित नोटिस प्रदान की हो, और ऐसी किसी भी अपरिहार्य स्थिति के प्रभाव को कम करने की लिए समस्त युक्तियुक्त प्रबन्ध किया हो।

(3) यदि कोई अपरिहार्य घटना, जो ठेकेदार को इस करार के अधीन अपने दायित्वों को पूरा करने से रोकती है, और तीस (30) दिनों के भीतर समाप्त नहीं होती है, तो नगर निगम इस करार को लिखित नोटिस द्वारा समाप्त करने का हकदार होगा।

आज्ञा से,
अमृत अभिजात,
प्रमुख सचिव।

प्रारूप–1

[नियम 8 (3) देखिये]

पार्किंग स्थान के आवंटन हेतु आवेदन

(अवधि.....से.....तक)

1–पार्किंग स्थान का नाम.....

2–आवेदक का नाम.....

3–पिता का नाम.....

4–पैनकार्ड संख्या.....

5–मोबाइल संख्या.....

6–पता.....

7–अधिकतम प्रस्तावित धनराशि अंको/शब्दों में.....

8–संलग्न बैंक ड्राफ्ट/बैंक का नाम/नकद धनराशि का ब्यौरा.....

9–आवेदन शुल्क के सम्बन्ध में बैंक ड्राफ्ट/बैंक का नाम/नकद धनराशि का ब्यौरा...

.....

आवेदक की प्रमाणित रंगीन फोटोग्राफ

वचनबद्धता

मैं.....पुत्र/पुत्री/पत्नी.....घोषणा करता/करती हूं कि–

(1) मैंने चरित्र प्रमाण–पत्र और अन्य अपेक्षित प्रमाण–पत्र संलग्न किया है।

(2) मैंने विषय से संबंधित निबंधन और शर्तें, सुसंगत नियमों और विनियमों को अच्छी तरह से पढ़ लिया है।

(3) मुझे प्राधिकारियों द्वारा सीमांकित उपरोक्त पार्किंग स्थान की सीमा का पूर्ण ज्ञान है।

(4) मैं प्राधिकारियों द्वारा समय–समय पर जारी सभी निबंधनों, शर्तों, निदेशों और आदेशों का पालन करुंगा।

(5) मैं किराये या उप–संविदा या अन्यथा सहित किसी भी रीति, जो भी हो, पार्किंग स्थान का प्रचालन और अनुरक्षण किसी व्यक्ति या प्रचालक या अभिकरण को हस्तान्तरित नहीं करुंगा।

दिनांक :

आवेदक का हस्ताक्षर

संलग्नक :

प्रारूप–2

[नियम–9 (4) देखिये]

1–नगर निगम का नाम.....

2–पार्किंग स्थान का नाम.....

3–प्रचालक का नाम.....

4–मोबाइल संख्या.....

5–पार्किंग शुल्क की दरें.....

(1) कार एवं अन्य चार पहिया वाहन.....

(2) स्कूटर/मोटर साइकिल.....

नोट : शिकायत निवारण हेतु सम्पर्क करें .....

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 1620/IX/9-2024-07J-2024, dated September 12, 2024 :

No. 1620/IX/9-2024-07J-2024

Dated Lucknow, September 12, 2024

The following draft rules which the Governor proposes to make in exercise of the powers under sub-section (ix-a) of section 114, sub-section (1) of section 540 and section 124 *read* with section 550 of the Uttar Pradesh Municipal Corporation Act,1959 (UP Act no.2 of 1959), is hereby published as required by sub-section (2) of section 540 of the said Act and sub-section (2) of section 23 of the Uttar Pradesh General Clauses Act (Act no. 1 of 1904) for information of all concerned with a view to invite objections and suggestions in respect thereof.

Objections and suggestions if any shall be sent in writing, addressed to the Pramukh Sachiv, Nagar Vikas Anubhag-9, Bapu Bhawan, Lucknow or on email id nagarvikasanubhag9@gmail.com.

Such objections and suggestions as are received within thirty days from the date of publication of this notification in the *Gazette*, shall be taken into consideration only.

DRAFT RULES

THE UTTAR PRADESH MUNICIPAL CORPORATION (CONSTRUCTION, MAINTENANCE AND OPERATION OF PARKING LOTS) RULES, 2024

Short title, Extent and Commencement

1-(1) These rules may be called the Uttar Pradesh Municipal Corporation (Construction, Maintenance and Operation of Parking Lots) Rules, 2024.

(2) They shall apply to every Municipal Corporation in Uttar Pradesh.

(3) They shall come into force with effect from the date of their publication in the *Gazette.*

Definition

2-(1) In these rules unless there is anything repugnant in the subject or context :-

(a) **"Act"** means the Uttar Pradesh Municipal Corporation Act, 1959 (UP Act no. 2 of 1959);

(b) **"Car Bazar"** means a market place to sell or buy used cars including/excluding accessories shops;

(c) **"Car Spa/Salon"** means a place or facility where cars are washed and restored to their original shine including/ excluding accessories shops;

(d) **"Equivalent Car Space"** hereinafter referred to as **"ECS"** means unitary space requirement for parking a vehicle in terms of a car;

(e) **"Fees or User Charges"** means a charge collected from the user for the parking of vehicle;

(f) "**Liquidated Damage"** means an exact amount of money, or a set formula to calculate the amount of money, a party will owe if it breaches a contract, in order to compensate the injured party for its losses;

(g) **"Mechanical Parking"** means a mechanical system to provide parking of vehicles on multiple levels stacked vertically through an elevated device;

(h) **"Multi-level Parking"** means the vertical parking lots that have multiple floors to park the vehicles like ramp-based parking, mechanical parking, *etc*;

(i) **"Off Street Parking"** means parking the vehicle anywhere but on the streets. The off-street parking lots are of different types– Open/ Surface, Basement and Multi level Parking, and/or a combination of these;

(j) **"On Street Parking"** means parking vehicles on the side of a public road or street;

